**महत्वपूर्ण / शीर्षप्राथमिकता**
**संख्या–R-227 / 38–1–2022**

प्रेषक,

**मनोज कुमार सिंह,**
अपर मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

**आयुक्त,**
ग्राम्य विकास,
उ0प्र0, लखनऊ।

ग्राम्य विकास अनुभाग–1 लखनऊ : दिनांक 05 अगस्त 2022

विषयः– प्रदेश के समस्त विकास खण्डों में माह के प्रथम एवं तृतीय बुधवार को ''ब्लाक दिवस'' का आयोजन किये जाने के संबंध में।

महोदय,

ग्रामीण क्षेत्रों की जन–समस्याओं / शिकायतों के प्रभावी निस्तारण हेतु यह आवश्यक है कि ग्राम्य जन अपनी समस्याओं / शिकायतों के संबंध में विकास खण्डों में तैनात खण्ड विकास अधिकारियों से माह में कम से कम 02 दिन निर्धारित दिवस को सीधे संवाद कर सकें। अतः जन सामान्य की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के दृष्टिगत प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड मुख्यालयों पर माह के प्रथम एवं तृतीय ''बुधवार'' को ''ब्लाक दिवस'' का प्रातः 10 बजे से 2.00 बजे तक आयोजन कराये जाने का निर्णय लिया गया है। जिसमें विकास खण्ड में कार्यरत समस्त अधिकारियों / कर्मचारियों यथा खण्ड विकास अधिकारी, संयुक्त खण्ड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी आदि द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। विकास खण्डों में आयोजित ''ब्लाक दिवस'' के सफलता पूर्वक आयोजन कराये जाने हेतु संबधित विकास खण्ड के खण्ड विकास अधिकारी प्रभारी / नोडल अधिकारी होंगे।

**2–** इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उपर्युक्त निर्देशों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

**मनोज कुमार सिंह**
अपर मुख्य सचिव।

**संख्या एवं दिनांक तदैव**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।
2. समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।
3. समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उ0प्र0।
4. समस्त ब्लाक प्रमुख, उ0प्र0।
5. समस्त जिला विकास अधिकारी / परियोजना निदेशक / उपायुक्त(श्रम रोजागार / स्वतः रोजगार),उ0प्र0 द्वारा जिलाधिकारी / मुख्य विकास अधिकारी, उ0प्र0।
6. समस्त जिला पंचायतराज अधिकारी,उ0प्र0 द्वारा निदेशक,पंचायतीराज,उ0प्र0।
7. समस्त खण्ड विकास अधिकारी द्वारा संबंधित जिलाधिकारी, उ0प्र0।
8. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
05.8.2022
(उमाकान्त सिंह)
अनु सचिव।

P.K -GO